# छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2011 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 25 मार्च, 2011 (चैत्र 4,1933)

समय 11:00 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 323 के खण्ड (2) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग का नवम् वार्षिक प्रतिवेदन (1 अप्रैल,2009 से 31 मार्च, 2010 तक की अवधि के लिए) पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) डॉ. हरिदास भारद्वाज, सदस्य, रायपुर एवं महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया से अनेक व्यक्तियों की मौत होने की ओर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, श्री भजन सिंह निरंकारी सदस्य, दुर्ग जिले में रेत का अवैध उत्खनन किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) डॉ. शक्राजीत नायक, सदस्य, प्रदेश में मादक द्रव्यों की तस्करी किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री नंद कुमार पटेल, डॉ. शक्राजीत नायक, सदस्य, प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों से युवक-युवतियों को अन्य प्रदेश में ले जाये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, प्रदेश में बच्चों के अपहरण एवं हत्या की घटनाओं में वृद्धि होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) डॉ. शक्राजीत नायक, डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी, रविन्द्र चौबे, सदस्य, जिला जांजगीर-चांपा, तहसील-अकलतरा में किसानों पर लाठीचार्ज किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) डॉ. शक्राजीत नायक, सदस्य, गृह निर्माण मंडल द्वारा निम्न गुणवत्ता के मकानों का निर्माण किये जाने की ओर आवास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम-सिवनी में महिलाओं को टोनही के नाम पर प्रताड़ित किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य, प्रदेश में स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित करने वाले एन.जी.ओ. को बिना अनुबंध किये भुगतान किये जाने की ओर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) श्री महंत रामसुन्दर दास, सदस्य, जिला जांजगीर-चांपा, विकासखण्ड-जैजैपुर में सेवारत शिक्षाकर्मियों को वेतन न मिलने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(11) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जिला जांजगीर-चांपा की मढ़वा परियोजना अंतर्गत कार्यरत ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी व सुविधा उपलब्ध न कराये जाने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(12) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, इंदिरा सागर (पोलावरम) अंतर्राज्यीय परियोजना के डुबान क्षेत्र में वृद्धि होने से कोंटा क्षेत्र के अनेक गांव प्रभावित होने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(13) श्री धर्मजीत सिंह, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सदस्य, डॉ. सी.वी.रमन विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितता की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(14) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जिला जांजगीर-चांपा में हंसदेव बांगो परियोजना के तहत् ग्राम-सोनादुला व धनपुर के कृषकों को पानी न दिये जाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(15) श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक अनाचार किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(16) श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य, कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम-कुकदूर में कन्या आश्रम भवन निर्माण में अनियमितता किये जाने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(17) श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, प्रदेश में सहकारी समितियों द्वारा धान के तोलने व परिवहन किये जाने में अनियमितता किये जाने की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(18) श्री महंत रामसुन्दर दास, सदस्य, जांजगीर-चांपा जिले में पावर प्लांट स्थापित किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(19) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, मेसर्स जायसवाल निको लिमिटेड, रायपुर द्वारा राजनांदगांव के खडगांव संरक्षित वन क्षेत्र में कार्य किये जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(20) श्री अजीत जोगी, सदस्य, प्रदेश के अनेक जिलों में कोयले का अवैध उत्खनन किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(21) श्री अजीत जोगी, सदस्य, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत् व्हाईट बोर्ड खरीदी में अनियमितता किये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(22) श्री राजकमल सिंघानिया, सदस्य, विकासखण्ड-कसडोल में पत्थर का अवैध उत्खनन किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(23) डॉ. शक्राजीत नायक, श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, इंडसिनर्जी के प्रबंधकों द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(24) श्री रविन्द्र चौबे, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य, जल संसाधन विभाग द्वारा निविदा आमंत्रण में अनियमितता किये जाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

क्रमशः .... 3

## 4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति

श्री देवजी भाई पटेल, सभापति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति का तृतीय (कार्यान्वियन ) प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

## 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, सदस्य, बसना विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -
- (i) ग्राम चिखली में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने,
- (ii) ग्राम सुखीपाली में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने,
- (iii) ग्राम गोपालपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने,

(2) श्री डमरूधर पुजारी, सदस्य, बिन्द्रानवागढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -
- (i) ग्राम नहरगांव में हाई स्कूल भवन निर्माण करने,
- (ii) ग्राम माठीगढ़ में 132 के.व्ही. विद्युत सब स्टेशन की स्थापना करने,
- (iii) ग्राम मुडगेलमाल से हल्दीघाटी होते हुए उड़ीसा सीमा तक मार्ग निर्माण करने,

(3) श्री राजकमल सिंघानिया, सदस्य, कसडोल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -
- (i) ग्राम कोयदा के पास शिवनाथ नदी पर एनीकट निर्माण करने,
- (ii) ग्राम कानाकोट, अहमदपुर से बांसबिनौरी एवं सोनारदेवरी तक मार्ग निर्माण करने,

(4) श्री बोधराम कंवर, सदस्य, कटघोरा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -
- (i) ग्राम डिडोंलभांठा से हरदीबाजार मार्ग का डामरीकरण करने,
- (ii) ग्राम हरदीबाजार से लीलागर नदी पर तटबंध निर्माण करने,

(5) श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी, सदस्य, भटगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -
- (i) ग्राम खोड़ से बेदमी मार्ग में स्थित मसनकी घाट को काटने,
- (ii) ग्राम धरसेड़ी से कर्री-कुप्पी तक पक्की सड़क निर्माण करने तथा
- (iii) ग्राम खोपा मुख्य मार्ग से देवस्थान तक पक्की सड़क निर्माण करने

**के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.**

## 6. वर्ष 2011-2012 की अनुदान मांगों पर चर्चा

| निर्धारित समय | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 घंटे 30 मिनट | (1) | मांग संख्या | 55 | महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित व्यय |
| | | मांग संख्या | 34 | समाज कल्याण |
| | | मांग संख्या | 43 | खेल और युवक कल्याण |
| 4 घंटे | (2) | मांग संख्या | 1 | सामान्य प्रशासन |
| | | मांग संख्या | 2 | सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय |
| | | मांग संख्या | 6 | वित्त विभाग से संबंधित व्यय |
| | | मांग संख्या | 31 | योजना,आर्थिक तथा सांख्यिकी विभाग से संबंधित व्यय |

| | | |
|---|---|---|
| मांग संख्या | 60 | जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय |
| मांग संख्या | 12 | ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय |
| मांग संख्या | 25 | खनिज साधन विभाग से संबंधित व्यय |
| मांग संख्या | 32 | जनसम्पर्क विभाग से संबंधित व्यय |
| मांग संख्या | 71 | सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी |
| मांग संख्या | 65 | विमानन विभाग |
| मांग संख्या | 48 | तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त होने वाला सहायता अनुदान |

## 7. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय

45 मिनट (1) श्री देवजी भाई पटेल,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि " पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते खतरों से बचाव के लिये प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के मानकों को सुनिश्चित किया जाय."

45 मिनट (2) श्री ताम्रध्वज साहू,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी एवं पेयजल हेतु लगाए गए विद्युत पम्पों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाय."

20 मिनट (3) श्री दीपक कुमार पटेल, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "चिरमिरी से बिलासपुर तथा बिलासपुर से चिरमिरी तक चलने वाली ट्रेन क्रमांक क्रमश: 58220 व 58219 को चिरमिरी से नागपुर तथा नागपुर से चिरमिरी तक चलायी जाय."

20 मिनट (4) श्री राजकमल सिंघानिया,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "रायपुर जिले के बलौदाबाजार, पलारी, लवन, कसडोल, भटगांव, बिलाईगढ़, सरसींवा, सारंगढ़, रायगढ़ होते हुए झारसुगुड़ा तक रेल लाईन बनायी जाय."

20 मिनट (5) श्री सौरभ सिंह,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "छत्तीसगढ़ राज्य में बिलासपुर से रेनुकुट उत्तरप्रदेश के लिये व्हाया अम्बिकापुर नई रेल लाईन बनायी जाय."

रायपुर
दिनांक 24 मार्च, 2011

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.